# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 09/04/19

CENTRAL RESERVE POLICE

26th Anniversary RAPID ACTION FORCE

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Hari Bhoomi (Bhopal,MP)**



# आरएएफ ने रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को 107 बटालियन आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) द्वारा हबीबगंज रेलवे स्टेशन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत 107 बटालियन के कमांडेंट एसएम हबीब असगर के नेतृत्व में जवानों ने रेलवे स्टेशन ने सफाई की। इस अभियान के दौरान रेलवे सफाई संघ के मैनेजर मोहित जैन, आकाश त्रिवेदी तथा सुपरवाइजर प्रदीप खरे भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कमांडेंट एसएम हबीब असगर ने कहा कि यदि हम स्वच्छता को अपनी जीवन शैली का अभिन्न अंग बना लें तो गंदगी के कारण जन्म लेने वाली बीमारियां स्वतः ही समाप्त हो जाती है, जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण होता है।

Swadesh Evening (Bhopal,MP)

## गन हाउस में बंदूक रखने 200 की जगह वसूल रहे 1000 रु

**भोपाल** • थानों में लावारिस की तरह बंदूक रखने के बजाय लोग गन हाउस में जमा करना उचित समझते हैं। इस मानसिकता का फायदा गन हाउस संचालक उठा रहे हैं। वे एक गन रखने के लिए शासन द्वारा निर्धारित 200 रुपए प्रतिमाह की जगह 500 से 1000 रुपए तक वसूल रहे हैं। ऐसा भोपाल के सभी 10 गन हाउस संचालक कर रहे हैं। यह मामला बीते दिनों तब सामने आया, जब लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद शस्त्रधारक गन हाउसों में बंदूक जमा कराने पहुंचे। उनसे 400 से 1000 रुपए तक की डिमांड की गई। इसकी शिकायत कलेक्टर डॉ. सुदाम पी. खाडे से की गई। इस पर कलेक्टर ने गन हाउस संचालकों को नोटिस देकर जवाब-तलब किया है और गन जमा करने वालों की जानकारी मांगी है।

# 107 बटालियन आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत हबीबगंज रेल्वे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया

■ सायंकालीन स्वदेश संवाददाता, भोपाल





शौर्य दिवस के उपलक्ष में आज 107 बटालियन आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) द्वारा श्री एस०एन० हबीब असगर, कमाण्डेन्ट 107 बटालियन के कुशल नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत हबीबगंज रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में 107 बटालियन आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के कमाण्डेन्ट एस.एन. हबीब असगर, तथा अन्य अधिकारीगण एवं जवानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस स्वच्छता अभियान के दौरान रेलवे सफाई संघ के मैनेजर मोहित जैन, आकाश त्रिवेदी तथा सुपरवाईजर प्रदीप खरे भी उपस्थित थे। ज्ञातव्य हो कि 107 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स अपने कर्तव्यों का सर्वोत्तम ढंग से निर्वहन करने के साथ साथ भोपाल तथा भोपाल से लगे ग्रामों में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत इस तरह समय समय पर सफाई अभियान चलाकर शहर व ग्रामीण इलाके को साफ सुथरा बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए 107 बटालियन के कमाण्डेन्ट एस.एन. हबीब असगर ने कहा कि स्वच्छता को अपनी जीवन शैली का अभिन्न अंग बना लेने से गन्दगी के कारण जन्म लेने वाली बीमारियां स्वत: ही समाप्त हो जाती है और एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है जो कि किसी भी देश के विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

**[ चेकिंग ]**



भोपाल के पुलिस कंट्रोल रूम के सामने चेकिंग करते हुए पुलिस कर्मी।

## सड़क किनारे ठेला खड़ा करने पर आधा दर्जन ने की अड़ीबाजी

**भोपाल** • छावनी पठार में सड़क किनारे सब्जी का ठेला लगाने वाले युवक से जमीन के नाम पर अड़ीबाजी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया है। बिलखिरिया पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय बंसीलाल अहिरवार छावनी पठार में रहता है। वह सड़क किनारे सब्जी का ठेला लगाता है। कल शाम को दीपक, अनिल, शीलाबाई, पार्वतीबाई, निशाबाई व अन्य उसके पास पहुंचे और जहां ठेला खड़ा था वह अपनी जमीन बताकर फरियादी से पैसों की मांग करने लगे।

# एक दर्जन सशस्त्र बल कंपनियों के साथ छह बजार स्थानीय बल कराएगा चुनाव

■ सायंकालीन स्वदेश संवाददाता, भोपाल

भोपाल। लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। स्थानीय पुलिस जिला प्रशासन के साथ मिलकर संवेदनशील मतदान केंद्रों की रिपोर्ट तैयार कर रही है। अभी तक 330 से अधिक मतदान केंद्रों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। पर्चे भरने की अंतिम तारीख के बाद एक बार फिर से जिला प्रशासन मतदान केंद्रों का बिंदुवार परीक्षण कराएगा। इसके बाद माना जा रहा है कि संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस के अनुसार भोपाल जिला पुलिस के पास थाना पुलिस, पुलिस लाइन का अतिरिक्त बल, होमगार्ड को मिलाकर करीब साढ़े छह हजार से अधिक का बल उपलब्ध है। लोकसभा मतदान के समय उक्त उपलब्ध बल का 80 फीसदी फोर्स चुनाव की सुरक्षा-व्यवस्था के लिए उपयोग में लाया जाएगा। बाकी बल थाने में मौजूद रहकर क्राइम और अन्य कार्यों को देखेगा।

### दर्जन भर कंपनियां मिलेंगी जिले को

कलेक्टर ने बताया कि मौजूदा स्थिति के अनुसार एक दर्जन से अधिक केंद्रीय सशस्त्र की कंपनियों की मांग की गई है। अभी की स्थिति में एक दर्जन कंपनियां मिलने की संभावना है। प्रतिदिन कर रहे फ्लैग मार्च डीआईजी इरशाद वली ने बताया कि जिले के सभी थाना पुलिस को सीआरपीएफ के साथ शाम को फ्लैग मार्च के निर्देश दिए गए हैं। फ्लैग मार्च बदमाशों पर कार्रवाई के साथ सुरक्षा-व्यवस्था के लिए किया जा रहा है। इसके साथ ही बदमाशों के खिलाफ थानों व संभाग स्तर पर शिविर लगाकर राउंड ओवर की कार्रवाई भी कराई जा रही है।

## Dainik Jagran (Prayagraj,UP)

# मनाया स्वास्थ्य दिवस

जासं, प्रयागराज : फाफामऊ स्थित आरएएफ 101 बटालियन में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने जवानों को बताया कि स्वस्थ शरीर के भीतर स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। सेमिनार के मुख्य अतिथि डॉ. सुबोध कुमार त्रिपाठी ने सभी जवानों को स्वस्थ रहने के उपाय बताए।

## I Next (Prayagraj,UP)



आरएएफ में हुआ सेमिनार.

# स्वस्थ शरीर में निवास करता है स्वस्थ दिमाग

PRAYAGRAJ (8 April): शांतिपुरम फाफामऊ स्थित 101 द्रुत कार्य बल के कैंपस में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया. वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने जवानों को बताया कि स्वस्थ शरीर के अंदर स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है. उन्होंने स्वास्थ्य दिवस मनाने के कारण को भी विस्तार से बताया. मुख्य अतिथि डा. सुबोध कुमार त्रिपाठी ने सभी जवानों को स्वस्थ रहने के उपाय बताए. इस अवसर पर उप कमांडेंट राजेंद्र चोपड़ा, दीपक तिवारी आदि मौजूद रहे.

Classifieds
Education
सीखिए— Computerized

Hindustan (Prayagraj,UP)

# स्वस्थ शरीर में बढ़ती है सोचने की क्षमता

फाफामऊ। शांतिपुरम स्थित आरएएफ 101 बटालियन के जवानों ने वाहिनी कैंप में विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर सुबोध त्रिपाठी रहे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। आदमी का शरीर अगर स्वस्थ है तो उसकी सोचने की क्षमता भी बढ़ती है। कार्यक्रम में वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, राजेंद्र चोपड़ा, उप कमांडेंट दीपक तिवारी सहित बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे।

इसी तरह शांतिपुरम स्थित गुरुकुल मांटेसरी स्कूल के प्रांगण में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथिं विनीता हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर बिंदु विश्वकर्मा रहें। कार्यक्रम में डॉ बिंदु विश्वकर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए लोगों को गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ को अपनी जीवन शैली अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से स्कूल के निदेशक वीरेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य रितु श्रीवास्तव ने सभी छात्रों को स्वस्थ रहने की कामना की।

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)

# सुंदरनगर : रैफ ने चलाया स्वच्छता अभियान



**जमशेदपुर.** सुंदरनगर रैफ 106 के जवानों ने कैंप इलाकों में सोमवार को सफाई अभियान चलाया. इस मौके पर रैफ 106 के कमांडेंट पीके सिंह ने जवानों को अभियान के महत्व के बारे में जानकारी दी. कमांडेंट के मार्ग दर्शन में उपकमांडेंट बीजेंद्र कुमार, सहायक कमांडेंट राजीव कुमार ने जवानों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया.

Amar Ujala (Prayagraj,UP)

# शरीर स्वस्थ होने पर ही हो सकती है अच्छी देश सेवा

अमर उजाला ब्यूरो

**शांतिपुरम में बोले लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक कॉलेज के अस्पताल प्रभारी डॉ. सुबोध त्रिपाठी**

**फाफामऊ।** शरीर स्वस्थ रहने पर ही अच्छी देश सेवा हो सकती है। मन को स्वस्थ रखने के साथ ही अच्छे उपचार की भी आवश्यकता होती है। उक्त बातें आरएएफ 101 बटालियन शांतिपुरम में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जवानों एवं अधिकारियों के बीच डॉ. सुबोध त्रिपाठी ने कही।

लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक कॉलेज के अस्पताल प्रभारी डॉ. सुबोध त्रिपाठी ने कहा कि पहले तो जवानों को पूरे राष्ट्र को अपना परिवार समझकर उनकी सुरक्षा करनी चाहिए। साथ ही देश सेवा के लिए जवानों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शरीर स्वस्थ रखने एवं तनाव को दूर करने के लिए व्यायाम, प्राणायाम के साथ ही उचित आहार लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी में होम्योपैथिक उपचार करना चाहिए। बल के द्वितीय कमान अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर के अंदर स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। कार्यक्रम में उप कमांडेंट राजेंद्र चोपड़ा, उप कमांडेंट दीपक तिवारी के अलावा अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

इसी प्रकार गुरुकुल मांटेसरी स्कूल में आयोजित विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बोलते हुए हड्डी रोग विशेषज्ञ बिंदू विश्वकर्मा ने कहा उच्च वसा, तेल आदि का सेवन कम करके शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋतु श्रीवास्तव ने छात्रों को नशे से दूर रहकर बेहतर जीवन जीने की सलाह दी। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र सिंह ने लोगों का आभार जताया।

# Eenadu (Kadapa,AP)

# ప్రశాంత వాతావరణంలో ఎన్నికలు నిర్వహిస్తాం

● రూ.కోటికిపైగా నగదు, వస్తువులు జప్తు ● 35 కేసులు నమోదు ● 'న్యూస్‌టుడే'తో జమ్మలమడుగు డీఎస్పీ కృష్ణన్



[illegible]



జమ్మలమడుగు పట్టణంలో ప్రత్యేక బలగాల కవాతు(పాత చిత్రం)



వాహనాన్ని తనిఖీ చేస్తున్న సిబ్బంది

RAF A/W civil police deployed for flag march / naka duty under P/S Pendlimarri area and giving assurance to public for conducting peaceful election.

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF









**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**